प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

18.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

सुक्खू

राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आतिथ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत नई पर्यटन इकाईयां स्थापित करने और मौजूदा होमस्टे इकाईयों का विस्तार व स्तरोन्नत करने के लिए ऋण पर वित्तीय राहत दी जाएगी। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि शहरी क्षेत्रों में योजना के तहत ऋण पर 3 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 4 प्रतिशत व जनजातीय क्षेत्रों में 5 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि ये सुविधा अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के लिए और 2 करोड़ रूपए के ऋण पर उपलब्ध होगी और ये योजना केवल बोनाफाईड हिमाचलियों के लिए है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मेलों और त्यौहारों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया है। बिलासपुर जिले के जुखाला में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय सायर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आज उन्होंने ये विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने कहा कि मेले नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है और समाज में आपसी भाईचारे व सदभाव को भी बढ़ावा देते हैं। शिव प्रताप शुक्ल ने उपायुक्त बिलासपुर को सायर मेला समिति के माध्यम से महिला मण्डलों को एक लाख रूपए की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए।

जीएसटी सुधार – साइकिल

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को उनका यह सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरों में कटौती की। नई दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी, जिससे आम जनता को लाभ होगा। आज हम साइकिल उद्योग पर एक नज़र डालते हैं।

भाजपा सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न विषयों पर अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज भाजपा द्वारा शिमला के कालीबाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसका शुभारंभ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और दो अक्तूबर तक एक पेड़ माँ के नाम मुहिम सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों मे मूलभूत सुविधाओं की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि आपदाग्रस्त धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग की प्रभावित कुल 70 योजनाओं की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अग्निहोत्री ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद विभाग के कर्मचारियों के अथक प्रयासों से अब तक 48 योजनाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्मपुर क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए सरकार हर स्तर पर सक्रिय है और जल्द ही सभी पेयजल योजनाओं को कार्यशील कर दिया जाएगा।

---